प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राज्य स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि **राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण** की तर्ज पर बिहार में भी **प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट** के गठन को कैबिनेट द्वारा मंज़ूरी मिल गई है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य में **दवाओं की कालाबाज़ारी एवं मनमानी कीमत वसूली पर नियंत्रण के लिये औषधि नियंत्रण निदेशालय के अधीन** इसका गठन किया जाएगा।
- राज्य स्तर पर बनने वाली **यह इकाई राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) की तर्ज पर स्वास्थ्य विभाग के अधीन कार्य करेगी।**
- **कैंसर, शूगर, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और किडनी से जुड़ी बीमारियों की दवाओं का मूल्य नियंत्रण** इस यूनिट की प्रमुख ज़िम्मेदारी होगी।
- दवाओं की गुणवत्ता एवं सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को जागरूक करना भी इसका कर्त्तव्य होगा।
- इस तरह की यूनिट निर्माण करने वाला **बिहार देश का 16वाँ राज्य होगा**। इससे पूर्व **उत्तर प्रदेश, केरल, ओडिशा, गुजरात, राजस्थान** जैसे राज्यों ने भी इस तरह की यूनिट का गठन किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/price-monitoring-and-resource-unit